आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 13.09.2024 समय : 1905

- केन्द्र सरकार ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजय पुरम करने का निर्णय लिया है।
- हिन्दी दिवस के अवसर पर आकाशवाणी दिल्ली से कल गृह मंत्री अमित शाह का संदेश प्रसारित किया जाएगा।
- आई सी डी एस डिगलीपुर की ओर से स्कूली बालिकाओं के लिए उनके अधिकारों पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- ओग्राब्राज पुलिस थाना की ओर से सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पोर्ट मोट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदल दिया गया है। अब पोर्ट ब्लेयर के स्थान पर द्वीपसमूह की राजधानी का नाम श्री विजय पुरम करने का निर्णय लिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर कहा कि देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजय पुरम करने का निर्णय लिया है। श्री विजय पुरम नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दर्शाता है। इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला ये द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। ये द्वीप नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेल्यूलर जेल में वीर सावरकर और अन्य स्वंतत्रता सेनानियों के द्वारा मां भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है।

इस बीच, द्वीपसमूह के पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि श्री विजय पुरम विजय का प्रतीक है और इसी भूमि पर वीर सावरकर, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जैसे कई स्वतंत्रता सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वीर सपूतों की कुर्बानी रंग लाई है। श्री विजय पुरम का नामकरण अवश्य ही विजय की ओर बढ़ता हुआ एक महत्वूपूर्ण कदम होगा।

<><><><><><><>

हिन्दी दिवस के अवसर पर आकाशवाणी दिल्ली से गृह मंत्री अमित शाह का संदेश प्रसारित किया जाएगा। इसे कल सुबह सात बजकर दस मिनट पर सुना जा सकता है। कल के प्रसारण को देखते हुए कल सुबह का प्रादेशिक समाचार प्रातः सात बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

इस बीच, अंडमान निकोबार प्रशासन के सभी कार्यालयों तथा शिक्षा संस्थानों में कल से हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा। पखवाड़े के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कल हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी कार्यालयों और शिक्षा संस्थानों में कार्यक्रम रखा गया है। सोलह सितम्बर को पोर्ट ब्लेयर मुख्यालय क्षेत्र के तमिल, बांग्ला और तेलुगू माध्यम के विद्यालयों के कक्षा छठीं से आठवीं तथा नवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अट्ठारह सितम्बर को राजभाषा विभाग के हिन्दी टंकण प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशासन के तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्नीस सितम्बर को इसी प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशासन के बहुकार्य निष्पादन कर्मचारियों के लिए हिन्दी लेखन प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके अलावा पखवाड़े के दौरान और कई प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। एक अक्तूबर को समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र तथा नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने विशेष स्वच्छता अभियान के चौथे चरण की प्रगति की निगरानी के लिए एक विशेष ऑन लाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य परिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में स्वच्छता को और बढ़ावा देना है। सरकार ने दो से इक्कतीस अक्टूबर तक स्वच्छता के लिए प्रत्येक वर्ष विशेष अभियान चलाने का निर्णय किया है।

<><><><><><><>

आई सी डी एस डिगलीपुर की ओर से स्कूली बालिकाओं के लिए उनके अधिकारों पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग की आई सी डी एस की ओर से आज सीतानगर के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में घरेलू हिंसा अधिनियम, अनैतिक दुर्व्यवहार निवारण रोक, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न पर कठोर कार्रवाई से संबंधित कानूनों के बारे में किशोरी छात्राओं को जानकारी दी गई। थाना प्रभारी विजय कुमार ने कहा कि महिला अधिकारों को सुनिश्चत करने की दिशा में कई सारे अधिनियम लागू किए गए हैं और हर महिला को इनकी जानकारी

होनी चाहिए। अधिकारों के बारे में जागरूक होकर वे भयमुक्त जीवन जी सकते हैं और दूसरी महिलाओं को भी शिक्षित कर सकते हैं। कार्यक्रम में उप–निरीक्षक अब्दुल शकील और विद्यालय के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इन वक्ताओं ने पॉक्सो अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी तरह का दुर्व्यवहार खासकर यौन उत्पीड़न की घटना के बारे मे बिना डरे अपनी शिकायत स्कूल के पॉक्सो बॉक्स में डाल सकते हैं, जिस पर तुरंत कार्रवाई होगी।

<><><><><><><>

ओग्राब्राज पुलिस थाना की ओर से सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पोर्ट मोट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को शिक्षित और उन्हें सशक्त बनाना था। पुलिस की विभिन्न इकाईयों और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं को उनके समक्ष आ रही चुनौतियों के बारे में जानकारी देना था। सहायक पुलिस निरीक्षक पाल मुरगन ने सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। मादक पदार्थ रोधी पुलिस थाने के प्रभारी प्रीतम और एस आई राहिल इस्लाम ने मादक पदार्थों के सेवन और इसके दुष्परिणामों के बारे में अपने विचार रखे। पुलिस सिपाही भूपिन्दर सिंह ने साइबर अपराध और इससे बचने के तरीकों के बारे में बताया। पुलिस मनोरंजक टीम की ओर से विभिन्न सामाजिक बुराईयों को दर्शाते नाटक का मंचन किया गया। ओग्राब्राज थाना प्रभारी देवानन्द पाठक ने आवश्यकता के समय बच्चों के साथ सहायता नम्बर जारी किया, तकि वे जरूरत के समय इन नम्बरों पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सके।

<><><><><><><>

मायाबंदर की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ अश्लील हरकते करने के आरोप में टुगापुर नम्बर छः के एक निवासी सुकुमार मंडल को बीस वर्ष की कठोर करावास की सजा सुनाई है। आरोपी द्वारा नाबालिग के साथ दो बार अश्लील हरकते की गई। पिछले वर्ष नौ मई को एफ आई आर दर्ज की गई। मामले की पूरी सुनवाई करने के बाद विशेष जज सुभाजित बासु ने सजा सुनाते हुए अभियुक्त पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर उसे और सजा भुगतनी पड़ेगी। प्रभावित लड़की की मां को उसके पुनर्वास के लिए मुआवजा देने का भी आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया। इस पूरे मामले की पैरवी मायाबंदर थाने के इंस्पेक्टर ग्रेसफील्ड और एस आई शिल्पा दत्ता ने किया, जबकि कोर्ट से मामले की पैरवी पॉक्सो के विशेष सरकारी अधिवक्ता केशब चन्द्र मंडल ने किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। ननकौड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक उनतालीस दशमलव आठ मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर में सत्रह दशमलव एक, हटबे में छः दशमलव तीन और लांग आइलैंड में दो दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी कोई विशेष चेतावनी नहीं है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर बाज़ार से रामनगर गांव तक निजी बस की सेवा शुरू की गई है। पैंतीस किलोमीटर लम्बे मार्ग के लिए अलग–अलग समय अनुसार बस उपलब्ध कराई गई है, जिसमें अधिकतम अड़तालीस यात्री बैठ सकते हैं। इस सेवा के आरंभ हो जाने से दूर दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सहुलियत होगी।

<><><><><><><>